
कलशयात्रा निकालते हुए।

## कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद भागवत महापुराण का शुभारम्भ

(संवाददाता) देहरादून। श्रीमद भागवत महापुराण रसवर्षा शुभारम्भ मानस मन्दिर समिति द्वारा मानस मन्दिर बकरालवाला मन्दिर प्रगंण में मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रीमद भागवत महापुराण रसवर्षा जिसमें प्रसिद्ध कथा प्रवक्ता आचार्य सतीश जगूडी द्वारा कथा वाचन किया गया, पहले दिन कथा को सुनने के लिए काफी संख्या में भक्त पहुंचे। कथा प्रवक्ता आचार्य सतीश जगूडी द्वारा कथा वाचन करते हुए कहा की जब मनुष्य के जन्म–जन्मान्तर का पुण्य उदय होता है, तभी उसे इस भागवतशास्त्र की प्राप्ति होती। कथा प्रवक्ता आचार्य सतीश जगूडी द्वारा कथा में बताया की कलियुग में अधिकतर भक्ति स्वार्थ सिद्धि हेतु होती है इसलिए वह सात्विक भक्ति नहीं है। सात्विक भक्ति यानी निस्वार्थ बिना किसी हेतु के। इस अवसर आचार्य पंकज डोभाल, उपाचार्य रितिक नौटियाल, राकेश गौड़, आशीष, हनी राणा, आदि मौजूद थे।



# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीएम ने आपदा प्रभावित गांवों का हेलीकॉप्टर से किया निरीक्षण

### आपदा में मारे गए लोगों के परिजनों को दैवीय आपदा के मानकों के अनुसार शीघ्र मुआवजा राशि दी जाएगी

**निरीक्षण**

संवाददाता

देहरादून/उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को उत्तरकाशी जनपद के आराकोट पहुंचकर प्राकृतिक आपदा अतिवृष्टि के कारण आराकोट, माकुडी, टिकोची, किराणु, चींवां, बलावट, दुचाणु, डगोली, बरनाली, गोकुल, मौंडा गांव का स्थलीय एवं हेलीकॉप्टर से निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र आराकोट में दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों से मिले और ढांढस बंधाया तथा हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने आराकोट इंटर कालेज में बनाए गए बेस कैंम्प व दैवीय आपदा से हुए नुकसान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आपदा में मारे गए लोगों के परिजनों को दैवीय आपदा के मानकों के अनुसार शीघ्र मुआवजा राशि दी जाएगी।


निरीक्षण के पश्चात सीएम अधिकारियों को निर्देशित करते हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक मृत के परिजनों को 4–4 लाख की धनराशि दी जाएगी। घायलों का ईलाज निःशुल्क सरकार के द्वारा किया जा रहा हैं। बेघर हुए लोगों के लिए ग्राम समाज की भूमि का चयन करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने प्रभावित काश्तकारों की सेब,भूमि व भवनों के क्षति के आंकलन की रिर्पोट तैयार करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए। ताकि शीघ्र प्रभावित लोगों को मुआवजा राशि वितरण कराई जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की पशुहानि का मुआवजा भी आपदा मानकों के अनुरूप शीघ्र प्रभावित लोगों को दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिया कि इस दुख की घड़ी में सरकार पूर्ण रूप से प्रभावित ग्रामीणों के साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित सभी गांवों में राशन,पानी, कपड़े, कंबल व आवश्यक दवाईयां आदि पर्याप्त मात्रा में हेली से पंहुचाया गया है तथा जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रहा हैं। मुख्यमंत्री श्री रावत ने कहा कि आपदा के कारण जानमाल का काफी नुकसान हुआ हैं। जिसमें सड़क,बिजली,पानी,सिचाई आदि जैसी सुविधाएं क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने कहा कि यातायात को जल्द से सुचारु करना सरकार की प्राथमिकता है सड़क खुलने के साथ ही मुलभूत सुविधाओं को शीघ्र दुरूस्त कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने कहा कि रेस्क्यू अभियान तीसरे दिन भी जारी है प्रभावित गांवों के लिए जरुरी सामान पंहुचाया गया है। सभी गावों में राहत एवं बचाव दल मौजूद हैं।

इस अवसर पर सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, नैनीताल सांसद अजय भट्ट, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, खजानदास, राजकुमार, जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान, पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट आदि मौजूद रहे।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री तिलक राज बेहड़ गिरफ्तार, रिहा

संवाददाता

देहरादून। ऊधमसिंहनगर के रुद्रपुर में नगर निगम की ओर से अतिक्रमण समेत अन्य मामलों में लोगों पर मुकदमा दर्ज करने के विरोध में कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री तिलक राज बेहड़ मंगलवार को सचिवालय परिसर में धरने पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बाद में बेहड़ को निजी मुचलके पर रिहा किया गया।

मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री तिलक राज बेहड़ सचिवालय में सीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर सब्जी मंडी में अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत नगर आयुक्त की ओर से कई लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किया गए हैं। कहा नौकरशाही बेलगाम होकर जनता का उत्पीड़न कर रही है। इस बीच पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। कहा, सीएम से मुलाकात के बाद ही धरना खत्म करेंगे। इस पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और पुलिस लाइन ले आई। वहीं, गिरफ्तारी की खबर सुनकर कांग्रेस नेता किशोर उपाध्याय और सूर्यकांत भी मौके पहुंचे।



इसके बाद निजी मुचलके पर तिलकराज बेहड़ को रिहा किया गया। प्रशासन ने उन्हें सीएम से शाम 6 बजे मिलाने का समय है।

## उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव लड़ना होगा महंगा

(संवाददाता) देहरादून। पंचायत चुनाव लड़ने के लिए पंचायतीराज एक्ट में किंए गए दो बच्चों के प्रावधान और शैक्षिक योग्यता के निर्धारण से पहले ही तमाम दावेदारों की नींद उड़ी हुई है और अब उम्मीदवारों के नामांकन पत्र के मूल्य और जमानत राशि में भी बढ़ोतरी कर दी गई है। पिछले चुनाव के मुकाबले इनमें तीन गुना की वृद्धि की गई है।
अलबत्ता, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य पदों पर किस्मत आजमाने वाले प्रत्याशियों के चुनाव व्यय की अधिकतम सीमा में दोगुना इजाफा किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेज दिया गया है।

प्रदेश में हरिद्वार को छोड़ शेष सभी जिलों में सितंबर–अक्टूबर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संभावित हैं। इसे देखते हुए सरकार और आयोग चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में आयोग ने नामांकन पत्रों के मूल्य, जमानत राशि और अधिकतम व्यय सीमा में बढ़ोतरी की है।

## न्यूज डायरी

### प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति के लिए आनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरु

(संवाददाता) देहरादून। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी देहरादून ने अवगत कराया है कि जनपद के पूर्व सैनिकों एवं सैनिक विधवाओं/आश्रितों को व्यवसायिक कोर्सेज हेतु प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति 2019–20 के आनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया केन्द्री सैनिक बोर्ड की वेबसाइट पर आरम्भ हो चुकी हैं। अभ्यर्थी पूरी जानकारी और आवेदन भरने की प्रक्रिया वेबसाईट से कर सकते है। आनलाईन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त आवेदन पत्र, समस्त स्कैन्ड दस्तावेज मूल दस्तावेजों सहित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, देहरादून की अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य है। आनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 15 नवम्बर 2019 है। अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय देहरादून से सम्पर्क कर सकते है।

### सद्भावना की प्रतिज्ञा दिलाई

(संवाददाता) देहरादून। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस परिपेक्ष्य में जिला कार्यालय सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा दिलाई। इसके अतिरिक्त कलेक्ट्रेट परिसर के अन्य विभागों में भी सद्भावना प्रतिज्ञा दिलाई गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बीर सिंह बुदियाल ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सद्भावना का अर्थ एक दूसरे के प्रति अच्छी भावना रखना है। देश के सभी जाति, धर्म के लोक एक दूसरे के प्रति स्नेह एवं भाईचारा बनायें रखें।

### कस्टमर ऐप और एमवेब पर हिन्दी सपोर्ट के साथ अन्य अन्तर्राष्ट्रीय भाषाओं का ऐलान

(संवाददाता) देहरादून। भारत और दक्षिणी एशिया की सबसे बड़ी, चीन की दूसरी सबसे बड़ी और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी तथा लीज्ड एवं फ्रेंचाइज्ड होटल्स, होम्स, लिविंग और वर्कस्पेसेज की सबसे तेजी से विकसित होती चेन ओयो होटल्स एण्ड होम्स ने आज अपने कस्टमर ऐप और मोबाइल वेब प्लेटफॉर्मस के लिए मल्टीलिंगुअल सपोर्ट का ऐलान किया है। अत्याधुनिक तकनीक के साथ उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण के साथ, कस्टमर ऐप और मोबाइल वेब प्लेटफॉर्म्स पर अपने नए लॉन्च किए गए मल्टीलिंगुअल सपोर्ट के माध्यम से ओयो दुनिया भर में अपने लाखों उपयोगकर्ताओं को सहज एवं कस्टमाइज्ड बुकिंग का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।